हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, रविवार, 19 मई 2024
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

तापमान

अधिकतम 34.2 डिग्री

न्यूनतम 32.2 डिग्री

4 जंगल का घटा दायरा, तीन साल से नहीं बढ़ा तेंदूपत्ता संग्रहण ...



प्रवेश सूचना
BMLT (3 years) | DMLT (2 years)
DXRT (3 years) | O.T. (3 years)
D.Pharma (2 years) डी.फार्मा | Ophthalmic ass. (2 years)
कुनकुरी 7580834000
अम्बिकापुर 7440435000




## खबर संक्षेप



### 15 हजार से अधिक लोगों के बीपी जांच

**जशपुरनगर।** विश्व उच्चरक्तचाप दिवस के अवसर पर कलेक्टर डॉ.रवि मित्तल के निर्देशन तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ विपिन कुमार इंदवार और जिला कार्क्रम प्रबंधक गनपत कुमार नायक के मार्गदर्शन में जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, उप स्वास्थ्य केंद्रों में विशेष जांच शिविर एवं प्रचार प्रसार का आयोजन किया गया। जिले में लगभग 15000 से अधिक व्यक्तियों का उच्च रक्तचाप का जांच कर उपचार दिया गया एवं उन्हे स्वस्थ जीवन शैली के बारे में अवगत कर उसका अनुसरण करने हेतु प्रोत्साहित किया गया। मुख्य चिकित्सा एवम स्वास्थ्य अधिकारी डॉ विपिन कुमार इंदवार ने लोगों से अपील किया है कि लोग अपने रक्तचाप की जॉच अवश्य कराएं एवं इसे नियंत्रित करने हेतु स्वस्थ जीवन शैली का अनुसरण करें।

जिला चिकित्सालय में किया जा रहा है सिजेरियन ऑपरेशन

### 2 माह में किया गया 38 सिजेरियन ऑपरेशन



**जशपुरनगर।** कलेक्टर डॉ.रवि मित्तल के मार्गदर्शन तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के निर्देशन में जिला प्रशासन के सहयोग से जिला चिकित्सालय जशपुर में स्वास्थ्य सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के तहत 50 बिस्तरीय मातृ व शिशु अस्पताल में वर्तमान में स्त्रीरोग विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ.ममता साय, डॉ. किशोर चौहान पीजीएमओ (स्त्रीरोग), डॉ.संदीप भगत निश्चेतना विशेषज्ञ, डॉ.सुचिता मिंज, चिकित्सा अधिकारी (एलएसएएस) एवं उनकी टीम के द्वारा सिजेरियन ऑपरेशन किया जा रहा है। जिसमें विगत 02 माह में कुल 38 प्रसव सिजेरियन ऑपरेशन के माध्यम किया गया है।

### शराब के लिए पैसा नहीं देने पर जानलेवा हमला

**अम्बिकापुर।** शराब पीने के लिए पैसा नहीं देने पर अज्ञात लोगों ने घर के बाहर टहल रहे युवक की पिटाई करने के साथ ही ईंट से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। युवक की मां ने घटना शिकायत पुलिस से की गई है जिसपर पुलिस द्वारा मामले में अपराध दर्ज कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है जबकि अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। कांतिप्रकाशपुर नहरपारा निवासी कामकुवेर बघेल अपने परिवार के साथ रजपुरी खुर्द स्थित मायके आई हुई थी। इस दौरान 15 मई की रात महिला का पुत्र अभिषेक महिला के रिश्ते की भतीजी व नाती- नातिन को घर के बाहर लेकर टहल रहा था।

### चार मवेशियों की दम घुटने से मौत

# मवेशी भरे दो वाहन छोड़ भागे तस्कर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

पुलिस की चाक चौबंद घेराबंदी के आगे मवेशी से भरे दो पिकअप को मवेशी तस्कर छोड़कर भागने मजबूर हुए। तस्करों द्वारा उपयोग में लाए गए वाहन को पुलिस जब्त कर 18 मवेशियों को छुड़वाया। वाहनों में ठूंस ठूंसकर भरे गए 22 मवेशियों में से दम घुटने के कारण 4 मवेशियों की मौत हो गई है।

■ ठूंस ठूंसकर भरे गए थे 22 मवेशी

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से बीती रात सूचना मिला कि मवेशी तस्कर द्वारा दो पिकअप में मवेशियों को भरकर लोदाम मार्ग से झारखंड की ओर ले जाया जा रहा है। जिसके बाद पुलिस ने लोदाम के पास घेराबंदी कर हर आने जाने वाहनों की जांच पड़ताल शुरू कर दी। जैसे ही वाहन जेएच 01 एफए 4057 और जेएच 01 एफजे 2568 नंबर की दोनों पिकअप लोदाम बेरियर के पास पहुंचे, दोनों चालक ने पुलिस को देखकर पिकअप की रफ्तार बढ़ा दी और फिल्मी स्टाईल में बेरियर को तोड़ते हुए भाग निकले। लेकिन बेरियर के आगे भी पुलिस ने तगड़ी घेराबन्दी कर रखी थी। जिसके बाद मवेशी तस्कर पिकअप छोड़कर मौके से फरार हो गए। पुलिस दोनों पिकअप को थाने ले आई है और पिकअप से मवेशियो को बाहर उतारा गया है। दोनों पिकअप में 22 गौवंश को ठूंस-ठूंसकर भरा गया था। और इसमें से 4 मवेशियों की पिकअप में ही दम घुटने से मौत हो गई। पुलिस ने चारों तरफ घेराबंदी कर रखा है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जायेगा। बताया जा रहा पिकअप वाहन क्रमांक जेएच 01 एफए 4057 के वाहन मालिक का नाम कुर्बान खान पिता जैनुल खान निवासी चंदवा रांची और दूसरे पिकअप वाहन क्रमांक जेएच 01 एफजे 2568 के वाहन मालिक का नाम समरून खातून पिता जमहीर खान निवासी बरगीडांड़ मांझाटोली गुमला है।



जब्त किए गए पिकअप।

#### जल्द होगी गिरफ्तारी

विशेष रणनीति के तहत गौवंश तस्करों को घेराबंदी कर पकड़ा गया है। जल्द ही आरोपियों को भी गिरफ्तार किया जाएगा। आगे भी इस तरह की कार्यवाही लगातार पुलिस द्वारा की जाएगी जिले में ऐसे कृत्य को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

**शशि मोहन सिंह**
पुलिस अधीक्षक जशपुर

# नाम स्मरण से भवसागर पार : मिथलेश्वरानंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोतबा

वनांचल ग्राम खजरीढाप में माँ दुर्गा सेवा समिति व समस्त ग्रामवासियों के तत्वावधान में संगीतमय सार्वजनिक श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान सप्ताह का आयोजन किया गया है जिसमे सक्ति से पधारे कथा व्यास मिथलेश्वरानंद दुबे ने श्रीमद भागवत कथा के तीसरे दिन ध्रुव चरित्र, भक्त प्रह्लाद चरित्र और नरसिह अवतार प्रसंग रोचक वर्णन किया।

■ भगवान की भक्ति में ही शक्ति है, सभी अपने बच्चों को संस्कार अवश्य दें

कथा व्यास मिथलेश्वरानंद दुबे ने शनिवार को भागवत कथा के दौरान धुरव चरित्र,प्रह्लाद चरित्र जड़ भरत चरित्र, नृसिंह अवतार आदि प्रसंगों पर प्रवचन करते हुए कहा कि भगवान के नाम मात्र से ही व्यक्ति भवसागर से पार उतर जाता है। उन्होंने भगवत कीर्तन करने, ज्ञानी पुरुषों के साथ सत्संग कर ज्ञान प्राप्त करने व अपने जीवन को सार्थक करने का आह्वान किया। भजन मंडली की ओर से प्रस्तुत किए गए भजनों पर श्रोता भाव विभोर होकर नाचने लगे। उन्होंने कथा के दौरान कहा कि मनु और शतरूपा के दो पुत्र और तीन पुत्रियां हुईं। पुत्रों के नाम प्रियव्रत और उत्तानपाद। राजा उत्तानपाद की दो रानियां थीं। एक का नाम सुरुचि और दूसरी का नाम सुनीति था। राजा सुरुचि को अधिक प्यार करते थे। उनके पुत्र का नाम उत्तम और सुनीति के पुत्र का नाम ध्रुव था। बालक ध्रुव एक बार पिता की गोद में बैठने की जिद करने लगता है लेकिन सुरुचि उसे पिता की गोद में बैठने नहीं देती है। ध्रुव रोता हुआ मां सुनीति को सारी बात बताता है। मां की आंखों में आंसू आ जाते हैं और वह ध्रुव को भगवान की शरण में जाने को कहती हैं। पांच वर्ष का बालक ध्रुव राज्य छोड़कर वन में तपस्या के लिए चला जाता है। नारद जी रास्ते में मिलते हैं और ध्रुव को समझाते हैं कि मैं तुम्हें पिता की गोद में बैठाउँगा लेकिन ध्रुव ने कहा कि पिता की नहीं अब परम पिता की गोद में बैठना है। कठिन तपस्या से भगवान प्रसन्न हो वरदान देते हैं। भक्त प्रहलाद की कथा सुनाते हुए व्यास जी ने कहा कि पिता अगर कुमार्ग पर चले तो पुत्र का कर्तव्य है उसे सही मार्ग पर लाए। तमाम विपरीत परिस्थितियों के बाबजूद प्रहलाद ने भक्ति का मार्ग नहीं छोड़ा। ⏭ शेष पेज 4 पर




कथा श्रवण करते श्रद्धालु व इनसेट में कथा वाचक।

# मई के महीने में नरम पड़े गर्मी के तेवर, 40 डिग्री नहीं पहुंचा तापमान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जैसे जैसे गर्मी के दिन आगे बढ़ने लगे मौसम ने ऐसा करवट बदला की मई के महीने में भी गर्मी ने अपने तेवर नरम कर दिए है। और इस साल मई के महीने में भी तापमान 38 डिग्री से ऊपर नहीं जा सका है। मई के शुरुआती दिनों में तापमान 38 डिग्री तक पहुंचा ही था की बारिश ने गर्मी के तेवर नरम कर दिए।

लगभग पिछले 10 दिनों से जिले में कही न कही रोजाना बारिश हो रही है। रोजाना सुबह से ही आसमान में बदलो का डेरा लगा हुआ है। शहर का अधिकतम तापमान 32 डिग्री के आस पास बना हुआ है। रात के समय तापमान में अत्यधिक गिरावट के साथ न्यूनतम 24 डिग्री के आसपास आकर ठहर रहा है। मई के महीने वाली भीषण गर्मी से शहरवासियों को निजाद मिल गई है।



#### क्या है मौसम विभाग का पूर्वानुमान

मौसम विभाग की माने तो मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि आसमान में बादल छाए रहेंगे और जिले के अधिकांश जगहों पर 21 मई को हल्की और माध्यम बारिश की संभावना है।

#### जून में होगी मानसून की दस्तक

मौसम विभाग द्वारा जारी पूर्वानुमान के मुताबिक इस बार मानसून 31 मई तक केरल पहुंच सकता है। बात जशपुर में पहुंचने वाले मानसून की करे तो इस वर्ष मानसून 10 से 15 जून के बीच में जशपुर पहुंच सकता है। मानसून आने के पहले भी प्री मानसून की बारिश हो सकती है।

*जशपुर वासियों को इस साल नहीं हुआ गर्मी का एहसास* : जशपुर के लिहाज से इस साल जशपुर वासियों को गर्मी का अहसास नहीं हुआ और यह साल राहत भरा रहा है। अप्रैल के महीने में भी पश्चिमी विछोभ के कारण बीच बीच में बारिश होती रही है। अप्रैल के अंत के कुछ दिन और मई के कुछ दिन ही गर्मी का अहसास दिला पाए है। कुल मिलाकर ये साल गर्मी के लिहाज से जशपुर वासियों के लिए राहत भरा रहा है।

# एमए हिंदी, तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने रचा इतिहास



विद्यार्थियों को सम्मानित करते प्राचार्य।

**जशपुरनगर।** किसान को अपने खेत में लहलहाती फसल देख जो आनंद प्राप्त होता है, वैसे ही आनंद और उल्लास की अनुभूति विद्यार्थियों की सफलता पर शिक्षकों को होती है। एमए हिंदी के प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम अनापेक्षित रूप से चौंकाने वाला रहा। तृतीय सेमेस्टर (हिंदी) के सत्रह विद्यार्थियों में से 14 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी अंक हासिल कर नया कीर्तिमान रचा। हमेशा की तरह छात्राओं का दबदबा रहा। समीरा एक्का 81 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान पर रही वहीं नीता पैंकरा ने 80 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय तथा 77 प्रतिशत अंकों के साथ कुमारी पिंकी बाई तृतीय स्थान पर अपना स्थान सुरक्षित रखने में कामयाब रहीं। ध्यातव्य है कि हिंदी में स्नातकोत्तर की कक्षाएं जन- भागीदारी मद से सत्र 2021-22 से संचालित है। प्राध्यापकों की कमी और सीमित संसाधनों के बावजूद छात्र-छात्राओं ने बेहतर प्रदर्शन किया। यही नहीं उनकी उपस्थिति कक्षा में सराहनीय रही है। पढ़ाई के अतिरिक्त अन्य गतिविधियों में भी उनकी भूमिका प्रशंसनीय है। प्राचार्य ने प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त छात्राओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। उन्हें बधाई और शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने कहा कि हिंदी विषय में 80 प्रतिशत से अधिक अंक लाना वास्तव में ⏭ शेष पेज 4 पर

#### सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में जोगपाल स्कूल के छात्रों का प्रशंसनीय प्रदर्शन

**कांसाबेल।** कल दिनांक 13 मई दिन सोमवार को सीबीएसई बोर्ड ने सभी को आश्चर्य चकित करते हुए, 10वी एवं 12 वी के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए। जिसमे जशपुर जिले के अंतर्गत कांसाबेल ब्लॉक में संचालित जोगपाल पब्लिक स्कूल के बच्चों का प्रदर्शन काफी सराहनीय है। कक्षा 10 वी एवं 12 वीं का रिजल्ट 100 परसेंट रहा। जिसमे उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं में आकांक्षा भगत (91), प्रियांशु गुप्ता (88), नेहा भगत 87, प्रियांशु प्रधान 85 और आर्य बंसल 80 ) वैश्णोवि कुमारी (80) और साथ ही कक्षा 12 वी के छात्र और छात्राओं में माही बांग ने प्रथम एवं प्रांकित अग्रवाल ने द्वितीय एवं पल्लवी पैंकरा एवं पवन गुप्ता ने तृतीय स्थान को हासिल करते हुए स्कूल और वहा के सभी शिक्षकों का मान भी बढ़ाया। इतना ही नहीं बल्कि अपने ब्लॉक और जिले का भी नाम रोशन कर दिया। स्कूल के प्राचार्य शंकर कुमार एवं स्कूल के डायरेक्टर सरंजीत सिंह भाटिया एवं स्कूल के चेयरमैन कुलवंत सिंह भाटिया ने सभी बच्चों को बधाई का पात्र बताते हुए इसका श्रेय वहा के शिक्षकों एवं स्कूल मैनेजमेंट को दिया और यह भी बताया कि सही समय पर सही डायरेक्शन में अगर कार्य किया जाए तो वो जरूर सफल होता है। इसलिए हमे निरंतर आगे बढ़ने के लिए मेहनत करते रहना चाइए। हर साल स्कूल के निरंतर बढ़ते हुए प्रदर्शन को इसी तरह बरकरार रखते हुए सभी को बधाई का पात्र बताया।

# एसडीएम ने पद्मश्री जगेश्वर को किया सम्मानित

**जशपुरनगर।** पद्मश्री सम्मानित जगेश्वर राम यादव से उनके निवास भितघरा में अनुविभागीय अधिकारी (रा0) बगीचा ओंकार यादव ने सौजन्य मुलाकात कर साल श्रीफल भेंटकर जगेश्वर यादव का अभिनंदन किया गया एवं उनका कुशल क्षेम जाना जगेश्वर यादव के द्वारा बिरहोर जनजातियों के उत्थान के लिए किए जा रहे कार्यो की प्रशंसा की एवं लगातार जन जातियों के उत्थान के लिए प्रशासन को भी मार्गदर्शन लगातार देते रहने का निवेदन किया ताकि शासन की समस्त योजनाओ का पूरा पूरा लाभ बनवासियो को दिलाया जा सके। जगेश्वर यादव के स्वास्थ्य ठीक नहीं होने की जानकारी पर उनके द्वारा खण्ड चिकित्सा अधिकारी बगीचा को अपनी टीम के साथ जाकर जगेश्वर यादव का तत्काल स्वास्थ्य परीक्षण कर उचित इलाज प्रारंभ करने का निर्देश दिया गया। एमडीएम बगीचा के निर्देश पर स्वास्थ विभाग की टीम तत्काल जगेश्वर यादव के उपचार में लग गई है। उक्त सौजन्य भेंट में अनुविभागीय अधिकारी (रा0) बगीचा ओंकार यादव के साथ तहसीलदार बगीचा सुश्री कमलवाती सिंह, नायब तहसीदार बगीचा करन राठिया, नायब तहसीदार बगीचा सदाशिव मिश्रा एवं राजस्व अमला उपस्थित था।



# बहुमंजिली खेती की बारीकियों को निकट से जाना छात्रों ने

**जशपुरनगर।** महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय सांकरा पाटन, दुर्ग के अधीन संचालित उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र, कुनकुरी के अधिष्ठाता विन्द्र तिग्गा के मार्गदर्शन में ग्रामीण उद्यानिकी कार्य अनुभव कार्यक्रम के तहत चतुर्थ वर्ष के छात्र-छात्राओं को कृषि विज्ञान केन्द्र, अंबिकापुर का भ्रमण कराया गया। इस अवसर पर डॉ. राजेष चौकसे (वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख, कृषि विज्ञान केन्द्र) द्वारा छात्रो को कृषि विज्ञान केन्द्र के कार्य प्रणाली एवं विभिन्न गतिविधियों की संक्षिप्त में जानकारी दी गयी। विरेन्द्र चौहान, कार्यक्रम सहायक द्वारा कृषि विज्ञान केन्द्र के प्रक्षेत्र का भ्रमण कराने के साथ-साथ उद्यानिकी, मत्स्य पालन, बकरी पालन, मुर्गीपालन, मधुमक्खी पालन, मेड़ो पर खेती, वर्मी कम्पोस्ट, अजोला उत्पादन एवं कृषि के विभिन्न घटकों से छात्रों को अवगत कराया। डॉ. सचिन जायसवाल द्वारा मधुमक्खी पालन के लाभ की विस्तृत जानकारी छात्रों को दी गयी। इस अवसर पर डॉ. दीपक कुमार जायसवाल ने छात्रो को समन्वित कृषि प्रणाली से अवगत कराते हुए बताया कि कृषक बंधु किस प्रकार इस माध्यम से वर्ष भर आय का स्त्रोत तैयार कर सकते है। छात्र-छात्राओं ने जैविक कीट एवं रोग नियंत्रण की बारीकियों को डॉ. रैना वाजपेयी एवं श्री विरेन्द्र चौहान से जाना।

इसके साथ ही छात्रो को प्रगतिशील कृषक श्री परिमल चंद्र शाहा के प्रक्षेत्र ग्राम गणेषपुर में भ्रमण कराया गया, जहां छात्रो ने बहुमंजिली खेती (नारियल, सुपारी, अनन्नास, हल्दी, अदरक, कॉफी, मछली पालन) को बारीकी से समझा। इस भ्रमण कार्यक्रम में महाविद्यालय के डॉ. अंकिता सिंह, श्री राजीव कुर्रे एवं चतुर्थ वर्ष के समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



### संकल्प जशपुर, कुनकुरी एवं पत्थलगांव में

# कक्षा 9 वीं में प्रवेश के लिए स्क्रीनिंग 20 से 23 मई तक

**जशपुरनगर।** जिला कलेक्टर डॉ.रवि मित्तल एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक कुमार के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन द्वारा जिला खनिज न्यास निधि मद से संचालित संकल्प शिक्षण संस्थान जशपुर, कुनकुरी एवं पत्थलगांव में कक्षा 9 वीं में हिन्दी माध्यम की रिक्त कुल 120 सीटों में प्रवेश हेतु संकल्प शिक्षण संस्थान जशपुर में आवेदन बुलाया गया था।

120 सीट के लिए 2525 आवेदकों ने आवेदन किया था। जिसमें से 2252 आवेदकों ने परीक्षा दी थी। स्क्रीनिंग हेतु बालको का कट ऑफ प्राप्तांक 28 अंक एवं बालिकाओं का कट ऑफ प्राप्तांक 30 अंक गया है। इस बारे में जानकारी देते हुए संकल्प शिक्षण संस्थान जशपुर के प्राचार्य विनोद कुमार गुप्ता ने बताया कि संकल्प शिक्षण संस्थान जशपुर, कुनकुरी एवं पत्थलगांव में कक्षा 9 वीं में हिन्दी माध्यम की कुल 120 सीटों में प्रवेश हेतु स्क्रीनिंग सूची जारी कर दी गई है। कुल 197 छात्राओं एवं 182 छात्रों को स्क्रीनिंग हेतु बुलाया गया है।

कक्षा 9 वीं में प्रवेश हेतु स्क्रीनिंग 20 से 23 मई तक संकल्प शिक्षण संस्थान जशपुर में प्रातः 10 बजे से आयोजित होगी। बच्चों को स्क्रीनिंग के समय अपना जाति व निवास प्रमाण पत्र एवं कक्षा 8 वीं की अंकसूची की फोटो प्रति लाना अनिवार्य होगा। पात्र अभ्यर्थियों को उनके प्रावीण्य क्रम के आधार पर एक सीट के विरूद्ध तीन अभ्यर्थियों को स्क्रीनिंग के लिए बुलाया गया है। स्क्रीनिंग हेतु अभ्यर्थियों की सूची संकल्प जशपुर, कुनकुरी पत्थलगांव एवं विख शिक्षा अधिकारी कार्यालय के सूचना पटल पर प्रदर्शित कर दी गई है। स्क्रीनिंग उपरांत प्राप्तांक की प्रावीण्य सूची तैयार कर एवं जिले के लिए नियमानुसार आरक्षण रोस्टर के आधार पर चयन सूची तैयार की जायेगी।

20 मई को पत्थलगांव विख शिक्षा अधिकारी कार्यालय व संकल्प पत्थलगांव में आवेदन जमा करने वाले आवेदको जिनका चयन प्रावीण्य सूची के आधार पर स्क्रीनिंग हेतु हुआ है की स्क्रीनिंग जायेगी। दिनांक 21 मई को कुनकुरी विख शिक्षा अधिकारी कार्यालय व संकल्प कुनकुरी एवं कांसाबेल विख शिक्षा अधिकारी कार्यालय में आवेदन जमा करने वाले आवेदको जिनका चयन प्रावीण्य सूची के आधार पर स्क्रीनिंग हेतु हुआ है की स्क्रीनिंग जायेगी। दिनांक 22 मई को फरसाबहार व बगीचा व दुलदुला विख शिक्षा अधिकारी कार्यालय में आवेदन जमा करने वाले आवेदको जिनका चयन प्रावीण्य सूची के आधार पर स्क्रीनिंग हेतु हुआ है की स्क्रीनिंग जायेगी।

23 मई को जशपुर विख शिक्षा अधिकारी कार्यालय व संकल्प जशपुर एवं मनोरा विख शिक्षा अधिकारी कार्यालय में आवेदन जमा करने वाले आवेदको जिनका चयन प्रावीण्य सूची के आधार पर स्क्रीनिंग हेतु हुआ है की स्क्रीनिंग जायेगी। स्क्रीनिंग हेतु 8 पहाड़ी कोरवा जनजाति के बालक व बालिकाओं को भी बुलाया गया और इसी दिन पहाड़ी कोरवा विद्यार्थियों की भी स्क्रीनिंग की जायेगी। पात्र अभ्यर्थियों को उनके प्रावीण्य क्रम के आधार पर एक सीट के विरूद्ध तीन अभ्यर्थियों को स्क्रीनिंग के लिए बुलाया गया है। स्क्रीनिंग उपरांत प्राप्तांक की प्रावीण्य सूची तैयार कर एवं जिले के लिए नियमानुसार आरक्षण रोस्टर के आधार पर चयन सूची तैयार की जायेगी।




# एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में प्रवेश पूर्व चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले में कुल 5 एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय संचालित हो रही है, जिसमें कक्षा 6 वीं में प्रवेश हेतु इस शैक्षणिक सत्र 2024-25 में कुल 2444 विद्यार्थियों ने ऑनलाइन आवेदन पत्र प्रस्तुत किया था । आज जिले के 11 परीक्षा केंद्रों में प्रातः 10:00 बजे से 12:00 तक प्राक्चयन परीक्षा का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 1944 परीक्षार्थी उपस्थित रहे एवं 460 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश के अनुसूचित जनजाति वर्ग के बालक-बालिकाओं के लिए कक्षा 6 वीं से 12वीं तक की CBSE से संबद्ध, अंग्रेजी माध्यम से संचालित विद्यालय जिसमें कि निशुल्क अध्ययन की सारी सुविधाएं शासन द्वारा उपलब्ध कराई जाती है। इन विद्यालयों में प्रवेश हेतु राज्य स्तर पर एक चयन परीक्षा का आयोजन कर मेरिट सूची तैयार की जाती है, जिसके आधार पर विद्यार्थियों को कक्षा 6 वीं में प्रवेश दिया जाता है।

इस योजना का मुख्य उद्देश्य अनुसूचित जनजाति के बालक-बालिकाओं के लिए आवासीय शिक्षण संस्थाएं स्थापित करना उनका संचालन करना एवं विद्यार्थियों को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराकर उनमें प्रतिस्पर्धा की भावना जागृत कर प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने हेतु सक्षम बनाना है। साथ ही साथ इन संस्थानों में अध्यनरत बालक एवं बालिकाओं के शैक्षणिक, मानसिक, शारीरिक, सांस्कृतिक एवं नैतिक विकास की गतिविधियों को बढ़ावा देना भी एक महत्वपूर्ण उद्देश्य है।


18- MAY-Jash-CORIYA-RAGH-SARGUJA-Bhoomi pg-2-new_Layout 1 5/18/2024 8:22 PM Page 1



फिल्म इवेंट

## हॉलीवुड

# इन सितारों ने की परदे के लंगूरों की कमाल एक्टिंग



**लॉस एंजिलिस।** फिल्म 'द किंगडम ऑफ द प्लैनेट ऑफ द एप्स' पूरी दुनिया मे रिलीज हो चुकी है। कहानी का आधार वही 'प्लैनट ऑफ द एप्स' है जिसे पहली बार परदे पर 1968 में उतारा गया था। हालांकि तब कहानी एक ऐसे ग्रह पर पहुंचे इंसानों की थी, जहां वानर राज कायम है। फिर इस कहानी में तब्दीलियां हुई। इसे धरती पर ही इंसानों के बनाए विषाणु से जोड़ा गया। पिछली तीन फिल्में इस सीरीज की सुपरहिट रहीं। 'राइज', 'डान' और 'वॉर' के आखिर में सीजर की मौत के बाद अब इस फ्रेंचाइजी ने नई करवट ली है। तीन नई फिल्मों में एक नई कहानी दिखाने की शुरुआत फिल्म 'किंगडम ऑफ द प्लैनेट ऑफ द एप्स' से हो चुकी है, ये इस रीबूट वर्जन ट्रायलॉजी की पहली फिल्म है। फिल्म 'किंगडम ऑफ द प्लैनेट ऑफ द एप्स' की कहानी दिलचस्प है। जब ये मान लिया गया है कि धरती से इंसानों का विनाश हो चुका है और यहां हर तरफ फैल चुके लंगूरों ने आपस में ही भिड़ना शुरू कर दिया है तो एक नया अध्याय शुरू होता है। लंगूरों के ईगल कुनबे का शहजादा नोआ इस इतिहास की नई कहानी लिखता है और इस संघर्ष में उसका साथ देते हैं उसके दो दोस्त, उसकी मां, एक बुजुर्ग दोस्त और एक इंसानी युवती। लेकिन, इन किरदारों को निभाने वाले कलाकारों के बारे में विस्तार से जानने से पहले आपको ये बताना जरूरी है कि ये फिल्में बनती कैसे हैं। ये तकनीक मोशन कैप्चर फिल्म मेकिंग कहलाती है और इस तकनीक पर ही 'अवतार', 'किंग कॉन्ग' और 'बैटल एंजिल' जैसी फिल्में बनी हैं। मार्वल की एवेंजर्स सीरीज का विलेन थानोस भी ऐसे ही रचा गया था। एंडी सरकिस ने ही 2005 में रिलीज फिल्म 'किंग कॉन्ग' में शीर्षक किरदार की एक्टिंग की थी। अब बात करते हैं फिल्म 'किंगडम ऑफ द प्लैनेट ऑफ द एप्स' की। इस फिल्म का हीरो है ईगल कुनबे के सरदार का बेटा नोआ। नोआ एक ऐसा किरदार है जो मासूम भी है और जरूरत पड़ने पर वह सख्त भी हो जाता है।

## टॉलीवुड

# प्रभास की एक क्रिप्टिक पोस्ट के बाद शुरू हुई शादी की चर्चा

सुपरस्टार प्रभास ने कुछ देर पहले ही इंस्टाग्राम स्टोरीज पर एक क्रिप्टिक पोस्ट शेयर किया है। इस पोस्ट ने लोगों के बीच कंफ्यूजन बढ़ा दी है। इस पोस्ट ने प्रभास की शादी की चर्चा को हवा दी है। प्रभास ने इस पोस्ट में बताया है कि उनकी जिंदगी में किसी खास शख्स की एंट्री हो चुकी है। उस खास शख्स को डार्लिंग्स बता रहे हैं। उनकी इंस्टा स्टोरी को उनके फैन पेज ने जैसे ही प्रभास की पोस्ट को शेयर किया, फैंस ने उनकी गर्लफ्रेंड और शादी के कयास लगाने शुरू कर दिया. उनकी ये पोस्ट तेजी से वायरल हो रही है। प्रभास ने अपनी इंस्टा स्टोरी में लिखा, 'डार्लिंग्स आखिरकार, कोई बहुत



खास हमारे लाइफ में एंट्री करने वाला है इंतज़ार करें चेयंडी।' फैंस एक्स पर यह समझने की कोशिश करने लगे कि प्रभास की इस पोस्ट का मलतब क्या है? प्रभास के फैंस ने कयास लगाना शुरू कर दिया कि वह जल्द ही अपनी शादी का ऐलान कर कते हैं। हालांकि, कुछ लोगों ने कयास लगाया कि प्रभास का यह पोस्ट उनकी अपकमिंग फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' से जुड़ी है। प्रभास के फैन ने इस पोस्ट को एक्स पर शेयर करते हुए लिखा,"प्रभास आम तौर पर अपने पर्सनल इंटरेस्ट और चीदों को सोशल मीडिया पर शेयर नहीं करते हैं, खासकर हाल के दिनों में. तो यह संभवतः हैशटैग 'कल्कि 2898 एडी' प्रमोशन या किसी अन्य फिल्म के लिए है!' पोस्ट में आगे लिखा गया, "हर कोई उनकी शादी की अनाउंसमेंट के बारे में खुशखबरी सुनना पसंद करेगा, लेकिन वह इससे जुड़ा अपडेट आगे देंगे." शादी को लेकर पिछले साल एक चैट शो में प्रभास ने मजाकिया अंदाज में कहा था कि जब सलमान खान शादी कर लेंगे, उसके बाद शादी करेंगे. प्रभास को आखिरी बार फिल्म 'सालार' में देखा गया था। फिल्म ब्लॉकबस्टर हुई थी। इससे पहले आई उनकी मेगाबजट 'आदिपुरुष' बॉक्स ऑफिस पर डिजास्टर साबित हुई थी। अब वह साइंस फिक्शन 'कल्कि 2898 एडी' में भैरव के किरदार निभाते नजर आएंगे। यह फिल्म 27 जून को रिलीज होगी। इसमें दीपिका पादुकोण, दिशा पाटनी, अमिताभ बच्चन समेत कई बड़े स्टार्स हैं।

## भोजपुरी

# 'सास नंबरी बहू दस नंबरी' का ट्रेलर रिलीज

भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री में काजल राघवानी की तगड़ी फैन फॉलोइंग है। उनकी अपकमिंग मूवी 'सास नंबरी बहू दस नंबरी' का दमदार ट्रेलर रिलीज हो गया है और रिलीज होते ही ये यूट्यूब पर छा गया है। इस फिल्म में आपको खूब सारे ड्रामे के साथ-साथ बहुत सारा इमोशंस भी देखने को मिलेगा, जो आपकी आंखों में आंसू ला देगा। 'सास नंबरी बहू दस नंबरी' भोजपुरी फिल्म में काजल राघवानी, रितेश उपाध्याय, किरण यादव, मनोज टाइगर, रिंकू भारती, स्वीटी सिंह राजपूत, राम नरेश श्रीवास्तव, जय प्रकाश सिंह, संगीता राय, प्रेम दुबे, पुष्पेंद्र राय, कुणाल कुमार, रागिनी यादव, संजू सोलंकी, रमजान खान ,अशोक गुप्ता, बबिता राय व अन्य सितारे हैं। 2 मिनट 50 सेकेंड के इस वीडियो को यूट्यूब पर अब तक 227,107 व्यूज मिल चुके हैं। इसमें दिखाया गया है कि सास अपनी बहू को बिल्कुल भी पसंद नहीं करती है, लेकिन अगर सास नंबरी है तो बहू दस नंबरी है। वो ऐसी चाल चलती है कि सासू मां के चारो खाने चित्त हो जाते हैं। पति उन्हें ही घर से निकाल बाहर करता है। इस मजेदार वीडियो को देखने के बाद फैंस की एक्साइटमेंट बढ़ गई है।



# सोने के कांटों से सजा गाउन पहन कान्स पहुंची हसीना

लाइफ स्टाइल

*कान्स फिल्म फेस्टिवल में फ्रांस की एक हसीना ने अपने लुक से सबको हैरान कर दिया है। दरअसल, फ्रांस की आइरिस मित्तेनेरे सोने के कांटों से सजी आउटफिट पहनकर रेड कार्पेट पर पहुंचीं और अपनी अदाओं का ऐसा जादू चलाया कि हर कोई बस उन्हें देखता ही रह गया। उनका यह आउटफिट इतना यूनिक था कि वह आसानी से सबका ध्यान अपनी ओर खींचने में सफल हो गईं। आइरिस फेमस मॉडल और टीवी*



# चेहरे के लिए बेस्ट हैं ये आयुर्वेदिक ब्यूटी टिप्स

हम केमिकल वाले क्रीम पाउडर से लेकर लोशन और स्क्रब तक कई चीजों का इस्तेमाल करते हैं। साथ ही जब भी सेहत की बात आती है तो हम कोशिश करते हैं कि आयुर्वेद को अपनाया जाए, तो फिर स्किन की देखभाल के लिए आयुर्वेदिक टिप्स क्यों नहीं? 'स्कूल ऑफ आयुर्वेदा एंड पंचकर्मा' के अनुसार आज हम आपको आयुर्वेद से जुड़ी ऐसी ही कुछ टिप्स के बारे में बताने वाले हैं, जो आपकी स्किन को ग्लो देने के साथ-साथ हेल्दी भी रखेंगी। इन टिप्स का सबसे अच्छा फायदा ये है कि इनसे किसी भी तरह के साइड इफेक्ट होने की संभावना नहीं होती है।

### आयुर्वेद के अनुसार ऐसा हो स्किन केयर रूटीन?

अगर आप अपनी स्किन को हेल्दी रखना चाहते हैं, जिसके लिए इन कुछ टिप्स को अपना सकते हैं। इन टिप्स को जानने से पहले आपको ये पता होना भी जरूरी है कि आपका स्किन टाइप कौन सा है। साथ ही रोज सुबह उठकर चेहरे को पानी से धोएं, इससे स्किन का एक्सफोलिएशन बढ़ेगा, त्वचा रिपेयर होने के साथ-साथ मॉइश्चराइज भी होगी।



### स्किन को रूखा न रखें

हम कई तरह के फेस वॉश और पैक का इस्तेमाल करते हैं जो कुछ हद तक हमारी स्किन से नमी को सोख लेते हैं, जिसकी वजह से त्वचा रूखी और खुरदरी नजर आने लगती है। इसलिए आयुर्वेद कहता है कि मॉइश्चराइजर की जगह मसाज करने और गर्म तेल से मसाज कर के अभ्यंग करने का अभ्यास करें। इसे सर्कुलेशन मोशन करें। ये स्किन को डिटॉक्सीफिकेशन कर टिशू से गंदगी को साफ करने का काम करते हैं।

### रोजाना व्यायाम करें

'स्कूल ऑफ आयुर्वेदा एंड पंचकर्मा' के लेख के अनुसार आयुर्वेद कहता है कि हमारा शरीर खुद को ठीक रखने के लिए व्यायाम चाहता है, जो हमारे ब्लड सर्कुलेशन को बेहतर बनाने का काम करता है। इससे स्किन में निखार आता है और मसल स्ट्रैच होती हैं, जिसकी वजह से त्वचा जवान और निखरी हुई नजर आती है।

### पूरी नींद से निखरे की त्वचा

*हमारे शरीर की जब भी कोई परेशानी होती है उसका एक कारण नींद का पूरा न होना होता है। अगर आप अपनी स्किन को हेल्दी रखने के लिए कई स्किन और ब्यूटी प्रोडक्ट का इस्तेमाल करते हैं लेकिन नींद पूरी नहीं ले रहे हैं तो उपयोग की गई सभी चीजों का कोई प्रभाव नहीं रहेगा। आयुर्वेद के अनुसार स्वास्थ्य के लिए पूरी नींद लेना बहुत जरूरी होता है। अगर आपकी पर्याप्त मात्रा में नहीं सोते हैं तो आंखों में सूजन और स्किन एजिंग की समस्या हो सकती है।*

### इन बातों का भी रखें ध्यान

*आयुर्वेद के अनुसार तनाव लेने से स्किन और दिमाग, दोनों ही प्रभावित होते हैं। इसलिए स्ट्रेस को कम करने के लिए मेडिटेशन करें, ये तनाव भी कम होगा और इम्यूनिटी को बेहतर करने का भी काम करता है। आयुर्वेद इस बात पर जोर देता है कि आप हेल्दी और बैलेंस डाइट का रूल फॉलो करें। ये आपके शरीर को अंदर और बाहर दोनों से साफ रखता है और त्वाचा में खिला-खिला निखार देता है।*

# पतले टांगों वाले लड़कों के लिए बेस्ट हैं ये 3 जींस पैंट्स



फैशन

हर मौसम में जींस लड़कों के वार्डरोब को कंप्लीट बनाने का काम करता है। कहीं भी जाना हो, बस एक जींस निकाला और पहनकर तैयार। हालांकि कई लड़कों को अपने लिए जींस चूज करने में परेशानी होती है। दरअसल, इन दिनों बाजार में इतने तरह के जींस हैं कि खरीदने जाओ तो समझ ही नहीं आता कि आखिर कौन सा जींस किस तरह के लोगों पर अच्छा लगेगा। मसलन, स्लिम फिट लूं या लूज बैगी डिजाइन लूं या कुछ और। अगर आप पतले-दुबले हैं और अपने पतले पैरों को परफेक्ट दिखाना चाहते हैं किस तरह का पैंट आपकी पर्सनैलिटी को निखारने का काम करेगा।

### कार्गो

पतले पैरों के लिए कार्गो पैंट परफेक्ट होता है। इसके फैब्रिक्स और पॉकेट्स स्किनी लेग्स को हाइड करती हैं। इनकी कटिंग बॉडी शेप को वाइड बनाता है और ये दिखने में काफी स्टाइलिश और रफ टफ लुक भी क्रिएट करता है। आप इसे टीशर्ट या कैजुअल शर्ट के साथ पहन सकते हैं। कार्गो पैंट्स हल्के और गहरे दोनों रंगों के बड़े आसानी से मिल जाते हैं। गर्मी के दिनों में अगर आप लाइट ब्राउन कार्गो पैंट लें तो ये काफी अच्छा लगेगा। आप ग्रे या आर्मी कलर कार्गो भी ले सकते हैं। ऐसे जींस आपको क्लासी लुक प्रोवाइड करता है।




### बैगी जींस

कूल और कंफर्टेबल लुक के लिए आप बाजार से बैगी जींस खरीद सकते हैं। ये जीस कैजुअल ओकेजन के लिए परफेक्ट होते हैं। आप अगर अपने लिए बैगी जींस ले रहे हैं तो इस बात का जरूर ध्यान रखें कि इसका साइज आपके कमर से परफेक्ट हो। आप एक साइज बड़ा साइज ले सकते हैं और ऑल्टर या बेल्ट के साथ पहन सकते हैं। लेकिन इस बात का ध्यान रखें कि पैंट अधिक बैगी ना हो।

### जॉगर्स

जॉगर्स भी इन दिनों काफी फैशन में है। स्किनी और स्लिम फिट वाले लड़कों पर तो ये काफी अच्छी दिखती है। खासतौर पर अगर आप कॉलेज जाते हैं तो ये पैंट आप अपने वार्डरोब में जरूर रखें। इसे आप कैजुअल ओकेजन में बड़े आराम से कैरी कर सकते हैं। ऐसे जीस राउंड नेक टीशर्ट और स्नीकर्स के साथ अच्छे दिखते हैं।

# चेहरा भर गया पिंपल्स से और फेस से ग्लो भी है गायब?



*आए दिन मेकअप का ट्रेड बढ़ाता जा रहा है। परफेक्ट दिखने के लिए महिलाएं दिनभर मेकअप लगाकर रहती हैं और देर रात इन कैमिकल प्रोडक्ट को स्किन से उतारती हैं।इन प्रोडक्ट के रेग्युलर इस्तेमाल से स्किन को काफी नुकसान पहुंचता है। ऐसे में अगर आप कुछ घंटों या दिन के लिए अपने मेकअप प्रोडक्ट का इस्तेमाल बंद कर दें और स्किन को हर तरह के प्रोडक्ट से दूर रखें तो आपकी स्किन पर काफी पॉजिटिव असर दिखेगा और स्किन रिलैक्स रहेगी। इसी कॉन्सेप्ट के साथ इन दिनों स्किन फास्टिंग टेकनीक काफी ट्रेंड में है। दरअसल, स्किन फास्टिंग एक प्रक्रिया है जिसमें स्किन को मेकअप और स्किन केयर प्रोडक्ट से ब्रेक दिया जाता है और उसे रीसेट और रीबैलेंस होने के लिए उसे बॉडी के नेचुरल हीलिंग प्रोसेस में जाने की अनुमति दी जाती है।*

### यह है स्किन फास्टिंग

आमतौर पर हम रात में सोने से पहले और सुबह उठने के बाद स्किन केयर रुटीन को फॉलो करते हैं। इसके लिए रात में क्लीनजर, टोनर, सीरम और मॉश्चराइज आदि प्रोडक्ट का प्रयोग करते हैं, जिससे स्किन हेल्दी और प्रॉब्लम फ्री रहे। इसके अलावा, सुबह भी कई तरह के प्रोडक्ट हम स्किन पर अप्लाई करते हैं। लेकिन स्किन फास्टिंग एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें स्किन को इन सब चीजों से कुछ दिन या महीने के लिए ब्रेक दिया जाता है। इसके तहत चेहरे को केवल मइल्ड क्लीनर और बेसिक मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल किया जाता है और अन्य सभी प्रोडक्ट से स्किन को दूर रखा जाता है।

### यह मिलता है फायदा

इस तरह स्किन नेचुरल प्रोसेस में खुद का हील कर पाती है, स्किन का पीएच लेवल रेगुलेट हो पाता है और यह बाहरी दिक्कतों को दूर करने में सक्षम हो पाता है। इस तरह स्किन की सेंसिटिविटी कम होती है, ओवरलोड प्रोडक्ट से स्किन बचता है और स्किन को नेचुरली हील होने का मौका मिलता है।

# झाइयां दूर करने का मिल गया जुगाड़

क्लीन और स्पॉटलेस स्किन खूबसूरती के लिए जरूरी माना जाता है। लेकिन जैसे-जैसे उम्र बढ़ती है स्किन पर झाइयों के निशान आने लगते हैं और इनकी वजह से चेहरा दाग धब्बेदार दिखने लगता है। एक बार अगर झाइयां चेहरे पर आ जाएं तो इन्हें हटाना नामुमकिन सा लगता है। लेकिन अगर आप इसे रोकना चाहते हैं और स्किन को स्पॉटलेस बनाना चाहते हैं तो किचन में रखे आलू की मदद लें। अगर आप स्किन के दाग धब्बों को हटाने के लिए आलू का इस्तेमाल सही तरीके से करें तो चेहरे पर मौजूद इन जिद्दी दाग को बड़ी आसानी से हटाया जा सकता है।



### पहला तरीका

एक आलू को मिक्सी में पीस लें और छन्नी की मदद से इसके रस को निकाल लें। अब इस रस को कुछ देर फ्रिज में रख दें। जब ये अच्छी तरह ठंडा हो जाए तो इसमें एक चम्मच नींबू का रस मिलाएं और कॉटन की मदद से स्किन पर इसे लगाएं। 10 से 15 मिनट के बाद इसे धो लें। सप्ताह में 3 दिन इसका इस्तेमाल करें।

### दूसरा तरीका

एक आलू को मिक्सी में पीस लें और एक कटोरी में रखें। अब इसमें एक चम्मच दही मिला लें। अच्छी तरह मिल जाए तो आप इसे अपने साफ धुले चेहरे पर अच्छी तरह से अप्लाई करें। दही में मौजूद लैक्टिक एसिड दाग को हटाएगा और चेहरा क्लीन दिखेगा। इसे भी 10 मिनट बाद धो लें।

### तीसरा तरीका

आप एक आलू को आधा काट लें और उस पर हल्दी छिड़क लें। अब आप इसे अपने साफ चेहरे पर उस जगह रगड़ें जहां पर झाइयां हो गई हैं। हल्दी में कई ऐसे एंटीऑक्सीडेंट तत्व हैं जो दाग को हटाकर चेहरे पर निखार लाती हैं। इस तरह आपके चेहरे से झाइयों के दाग तो जाएंगे ही, स्किन पर एक नेचुरल निखार भी आएगा। हालांकि जब भी इन फेस पैक का इस्तेमाल करें तो पहले स्किन पर पैच टेस्ट जरूर कर लें। अगर किसी तरह की परेशानी हो तो तुरंत इस्तेमाल बंद कर दें।

कार्नर न्यूज

## यह होती है हेयर डस्टिंग

# बालों को मोटा और घना बनाने का यह तरीका आ सकता है आपके काम

सोशल मीडिया पर आए दिन अलग-अलग ट्रेंड्स और हैक्स वगैरह देखने को मिल जाते हैं। कुछ तो ऐसी चीजें भी दिखाई दे जाती हैं जिनके बारे में शायद ही कभी सोचा या सुना हो। ऐसी ही एक तकनीक है हेयर डस्टिंग। बालों को लंबा और घना बनाने के लिए हेयर डस्टिंग की जा सकती है और कहा जा रहा है कि इससे ना सिर्फ दोमुंहे बालों की दिक्कत दूर होगी, बल्कि बाल पहले से ज्यादा मुलायम, हेल्दी और खूबसूरत नजर आने लगेंगे। लेकिन, यह हेयर डस्टिंग होती क्या है? जब हम किसी सामान की ऊपरी तौर पर सफाई करते हैं तो उसे डस्टिंग कहा जाता है। बिल्कुल इसी तरह हेयर डस्टिंग का मतलब है बालों को ऊपर-ऊपर से काटना, यानी ऊपरी सतह से कटिंग करना. हेयर डस्टिंग में सिर्फ दोमुंहे बाल हटाए जाते हैं। इससे बालों की लंबाई जस की तस बनी रहती है और खुरदुरे स्प्लिट एंड्स हट जाने से बाल मुलायम बनते हैं। हर बाल के नीचे नजर आने वाले स्पिल्ट एंड्स को हटाया जाता है जिससे डैमेज्ड बाल भी हट जाते हैं। कहा जा सकता है कि हेयर डस्टिंग से बालों पर वही असर होता है जो ऊनी कपड़ों से रोएं हटाने पर नजर आता है।



### हेयर डस्टिंग तकनीक फायदेमंद क्यों है

*जो लोग बाल बढ़ाना चाहते हैं या फिर बालों की लंबाई को जस का तस रखना चाहते हैं, उनके लिए हेयर डस्टिंग तकनीक बेहद फायदेमंद साबित होती है। इस तकनीक से डैमेज्ड बाल कम होते हैं और बार-बार सैलून के चक्कर लगाने की झंझट से भी छुटकारा मिल जाता है।*

### ये लोग कर सकते हैं हेयर डस्टिंग

*किसी भी हेयर टाइप के लोग हेयर डस्टिंग कर सकते हैं। बालों को अच्छी तरह झाड़ने पर स्पिलट एंड्स नजर आने लगते हैं जिससे हेयर डस्टिंग करना आसान हो जाता है।*

### घर पर ऐसे करें हेयर डस्टिंग

*हेयर डस्टिंग करने से बाल हेल्दी बनते हैं और उनमें चमक नजर आने लगती है। फ्रिजी बालों से छुटकारा पाने के लिए भी हेयर डस्टिंग की जा सकती है। खुद से हेयर डस्टिंग करने के लिए सबसे पहले जरूरी है कि आप अच्छी क्वालिटी की कैंची खरीदें। इसके अलावा आपको कंघी, क्लिप, बाल बांधने के लिए रबड़, तौलिया और शीशे की जरूरत होगी। बालों को धोकर ब्लो ड्राई करें और बीच में से मांग निकाल लें। अब बालों को सेक्शंस में बांटे, क्लिप लगाएं और उंगलियों के बीच में लेकर नजर आ रहे स्पिलट एंड्स को काटकर हटा दें। पूरे सिर के बालों के साथ इस प्रक्रिया को दोहराने पर हेयर डस्टिंग हो जाएगी।*

### काली मिर्च में होते हैं बालों को बढ़ाने वाले तत्व

*काली मिर्च में विटामिन ए, सी होते हैं। साथ ही कोरोनॉएड, फ्लेवेनाएड्स, फोलिक एसिड, पोटैशियम जैसे कई सारे तत्व होते हैं। जो ना केवल स्कैल्प पर दोबारा से बाल उगाने में मदद करते हैं बल्कि डैंड्रफ को भी दूर करते हैं। काली मिर्च को बालों पर लगाने का बहुत ही सरल तरीका है काली मिर्च का टोनर। जो बालों की स्कैल्प को मजबूत बनाने और हेयर ग्रोथ में मदद करता है। जानें कैसे बनाएं काली मिर्च का टोनर*



### काली मिर्च का टोनर कैसे बनाएं

*काली मिर्च का टोनर बनाने के लिए बस दो चीजों की जरूरत होगी। किसी पैन या बर्तन में एक लीटर पानी डालें। इसे गैस पर रकें और 25 ग्राम के करीब काली मिर्च लेकर इसे कूटकर दरदरा पीस लें या पाउडर बना लें। अब इस पाउडर को पानी में डालकर पकाएं। इसे तब तक पकाएं जब तक कि ये एक चौथाई ना रह जाए। बस इस एक चौथाई काली मिर्च के पानी को छानकर किसी स्प्रे बोतल में भर लें।*

### कैसे लगाएं काली मिर्च का टोनर

*बालों पर काली मिर्च का टोनर लगाने के लिए रात को सोने से पहले बालों की जड़ों पर लगाएं। फिर सुबह पानी से वॉश कर लें। सप्ताह में कम से कम तीन से चार बार इस टोनर को लगाने से कुछ ही हफ्तों के बाद बालों की ग्रोथ में फर्क दिखेगा और नए बाल उगने लगेंगे।*



# फिल्म श्रीकांत को देख गदगद हुए अक्षय

**मुंबई।** बीते शुक्रवार को राजकुमार राव की बहुचर्चित फिल्म श्रीकांत को बड़े पर्दे पर रिलीज किया गया है। आज इसे एक सप्ताह का वक्त गुजर गया है और फिल्म सिनेमाघरों में दर्शकों का भरपूर मनोरंजन करते हुए आगे बढ़ रही है। इस बीच अभिनेता अक्षय कुमार ने भी श्रीकांत को देखकर सोशल मीडिया पर इसका रिव्यू किया है। सिर्फ इतना ही नहीं वेलकम 3 कलाकार ने राजकुमार राव को एक्टिंग क्लास शुरू करने की सलाह दे डाली है। आइए एक नजर अक्की के इस लेटेस्ट पोस्ट पर डालते हैं। अक्षय कुमार फिल्म श्रीकांत को देखने के बाद अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर लेटेस्ट स्टोरी को शेयर किया है।

लाइफ Style

# रश्मिका

## अटल सेतु वीडियो की पीएम मोदी ने की तारीफ

नेशनल क्रश रश्मिका मंदाना सिर्फ साउथ सिनेमा का ही नहीं, अब हिंदी दर्शकों के बीच भी काफी लोकप्रिय हो चुकी हैं। रश्मिका पिछले कुछ सालों में कई ब्लॉकबस्टर फिल्मों का हिस्सा रहीं। वह आखिरी बार रणबीर कपूर स्टारर ब्लॉकबस्टर 'एनिमल' में नजर आई थीं। अब रश्मिका अल्लू अर्जुन स्टारर पुष्पाः द रूल में दिखाई देंगी। इस बीच अभिनेत्री का एक वीडियो सुर्खियों में है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

इस वीडियो में रश्मिका मंदाना अटल सेतु पुल की तारीफ करती नजर आ रही हैं। वीडियो पर अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने रश्मिका के पोस्ट को शेयर करते हुए अभिनेत्री की तारीफ की है और वीडियो को संतोषजनक बताया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रश्मिका मंदाना का वीडियो शेयर करते हुए लिखा कि लोगों को जोड़ने और उनके जीवन को बेहतर बनाने से उन्हें संतोष मिलता है।

वीडियो में रश्मिका हाल ही में बने मुंबई ट्रांस हार्बर लिंक पर नजर आ रही हैं। हार्बर लिंक को अटल सेतु नाम दिया गया है। रश्मिका इस वीडियो में अटल सेतु की तारीफ कर रही हैं। वह कहती हैं- जहां लोगों को एक जगह से दूसरी जगह जाने में 2 घंटे लगते थे, वहां अब वे सिर्फ 20 मिनट में पहुंच सकते हैं। रश्मिका मंदाना के इस वीडियो और पोस्ट पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रिएक्शन देते हुए लिखा, "बिलकुल! लोगों को जोड़ने और जीवन को बेहतर बनाने से ज्यादा संतोषजनक कुछ भी नहीं।" वीडियो में रश्मिका मंदाना ने अपने एक्स हैंडल पर ये वीडियो शेयर किया था। वीडियो में वह अटल सेतु पुल की तारीफ करती नजर आ रही हैं। पुल की खूबी बताते हुए उन्होंने ये भी कहा कि समुद्र पर बना ये सबसे लंबा पुल है, जो 22 किलोमीटर का है।




हॉलीवुड मसाला



# जेनिफर लोपेज की चौथी शादी टूटी

**लॉस एंजिलिस।** जेनिफर लोपेज हॉलीवुड की टॉप एक्ट्रेसेज में गिनी जाती हैं। अभिनेत्री ने अपनी जिंदगी में चार शादियां की हैं। तीन शादी टूटने के बाद अब खबर आ रही है कि जेनिफर चौथे पति बेन एफ्लेक से भी अलग हो गई हैं। जेनिफर लोपेज और बेन एफ्लेक की शादी में काफी समय से तनाव की खबरें आ रही थीं। कहा जा रहा था कि बेन ने जेनिफर का घर भी छोड़ दिया है। अब लेटेस्ट खबर आ रही है कि दोनों तलाक लेने जा रहे हैं। एक सोर्स के हवाले से पता चला है, बेन एफ्लेक का जेनिफर लोपेज के साथ ब्रेकअप हो गया है और वह जेनिफर के साथ जिस घर में रह रहे थे, वहां से चले गये हैं।




# प्रैट के बॉडी डबल बने टोनी मैकफार नहीं रहे

**लॉस एंजिलिस।** अमेरिकन एक्टर और प्रोड्यूसर क्रिस प्रैट पर दुखों का पहाड़ टूट गया है। गार्डियन ऑफ गैलेक्सी और जुरासिक वर्ल्ड जैसी फिल्मों में क्रिस प्रैट के बॉडी डबल बने टोनी मैकफार का 13 मई को निधन हो गया। उनकी रहस्यमयी मौत की वजह का अब तक पता नहीं चल पाया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, एक्टर की उम्र महज 47 साल की थी। उनके निधन की खबर ने क्रिस प्रैट को बुरी तरह से तोड़ दिया है। उन्होंने बॉडी डबल टोनी के निधन के बाद उन्हें सोशल मीडिया पर भी श्रद्धांजलि अर्पित की है। टोनी मैकफार के निधन की खबर की जानकारी खुद उनकी मां ने शेयर की है। उनकी मां डोना ने बातचीत करते हुए बताया है कि उनके बेटे का आकस्मिक निधन हो गया है। हॉलीवुड के स्टंट मैन को अपने घर ओरलैंडो के बाहर 13 मई को बेहोश पाया गया था।



# कटरीना बनीं विक्की कौशल की फोटोग्राफर

**मुंबई।** विक्की कौशल और कटरीना कैफ बॉलीवुड के पावर कपल्स में गिने जाते हैं। बीते दिन एक्टर ने अपना 36वां बर्थडे सेलिब्रेट किया। ऐसे में फैंस विक्की कौशल और कटरीना कैफ के बर्थडे सेलिब्रेशन की फोटोज का इंतजार कर रहे थे, जो अब खत्म हो गया है। एक्ट्रेस ने सेलिब्रेशन की अनदेखी फोटोज शेयर की है। विक्की कौशल के बर्थडे पर कटरीना कैफ उनकी फोटोग्राफर बनीं। एक्ट्रेस ने पति की कई सारी कैंडिड फोटो क्लिक की, जो उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट भी की है। इन तस्वीरों ने ही कटरीना कैफ का राज खोल दिया है कि वो विक्की कौशल के लिए पर्सनल फोटोग्राफर बन गई हैं। फैंस दोनों के इस रोमांस पर खूब प्यार लुटा रहे हैं। कटरीना कैफ ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर विक्की कौशल की तीन फोटो शेयर की है।



# कार्तिक के परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़

**मुंबई।** मुंबई के घाटकोपर में 13 मई को खराब मौसम की वजह से एक बड़ा हादसा हो गया। अचानक आए आंधी-तूफान और तेज बारिश से घाटकोपर के छेदा नगर में एक बड़ा सा होर्डिंग पेट्रोल पंप पर गिरा था। इस हादसे में 16 लोगों की जान चली गई। अब खबर है कि बॉलीवुड एक्टर कार्तिक आर्यन के मामा-मामी भी इस हादसे का शिकार हो गए और दोनों की जान चली गई। मुंबई होर्डिंग हादसे में 74 लोग घायल हो गए। बुधवार को घटानस्थल से दो शवों को निकाला गया। मृतक की शिनाख्त रिटायर्ड एअर ट्रैफिक कंट्रोल के जनरल मैनेजर मनोज चनसोरिया और उनकी पत्नी अनीता के तौर पर हुई थी. ये दोनों कार्तिक आर्यन के मामा-मामी थे। कार्तिक आर्यम गुरुवार को इनके अंतिम संस्कार में शामिल होने पहुंचे थे।

टीवी मसाला

# 'मेरा हर लड़के पर दिल आ जाता है...' ईशा मालवीय



मुंबई। ईशा मालवीय सलमान खान के रियलिटी शो 'बिग बॉस सीजन 17' की सबसे पॉपुलर कंटेस्टेंट रही हैं। शो में ईशा ने अपने लव एंगल को लेकर खूब सुर्खियां बटोरीं। पहले वह एक्स ब्वॉयफ्रेंड अभिषेक कुमार के साथ लड़ाइयों के लिए लाइमलाइट में रहीं, फिर ब्वॉयफ्रेंड समर्थ जुरेल के साथ रोमांस को लेकर उन्होंने सभी का ध्यान खींचा। समर्थ जुरेल और ईशा मालवीय बिग बॉस के घर में अपने रोमांस से हर किसी को हैरान कर दिया था। हालांकि, शो खत्म होते ही दोनों के रास्ते अलग हो गये। सलमान खान का शो खत्म होते ही यूजर्स कयास लगा रहे थे कि दोनों अलग हो चुके हैं। हालांकि, बाद में खुद समर्थ ने ही ब्रेकअप पर मुहर लगा दी। ब्रेकअप की पुष्टि के बाद ईशा को जमकर ट्रोल किया जा रहा था। अब एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया है।

# 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' नहीं हो रहा ऑफ एयर

**मुंबई।** कॉमेडी किंग कपिल शर्मा इन दिनों लगातार अपने कॉमेडी शो 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' को लेकर खबरों में बने हुए हैं। इस बार कपिल अपना शो टीवी की जगह ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर लेकर आए। शो को लेकर दर्शक काफी एक्साइटेड थे क्योंकि कई सालों के सुनील ग्रोवर और कपिल शर्मा की जोड़ी एक बार फिर साथ नजर आई। ऐसे में अब शो के ऑफ एयर होने की खबरों ने फैंस को बेचैन कर दिया हे। खबर के मुताबिक, 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' बंद नहीं हो रहा है। कृष्णा अभिषेक ने बताया, 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' टीम ने सीजन एक खत्म कर दिया है क्योंकि वे कॉन्ट्रैक्ट से बंधे थे। केवल सीजन 1 के लिए कॉन्ट्रैक्ट खत्म हुआ है। शो बंद नहीं हो रहा है।' कृष्णा की इस बात से साफ है कि दर्शकों को अब निराश होने की नहीं, बल्कि बस थोड़ा इंतजार करने की जरूरत है।





# कांस में फिर चला ऐश्वर्या राय की नीली आंखों का जादू

मुंबई। साल 2002 से लगातार भारत को कांस के विदेशी मंच पर रिप्रेजेंट करने वाली भारतीय एक्ट्रेस ऐश्वर्या राय अपनी अदाओं और खूबसूरती से लोगों का दिल जीतती आई हैं। वो अपने स्टाइल, आउटफिट और अपने विनम्र भाव से सभी को कायल कर देती हैं। एक्ट्रेस एक बार फिर कांस 2024 का हिस्सा बनी हैं। बीते दिन एक्ट्रेस जैसे ही पहुंचीं उनका भव्य स्वागत हुआ और इसके बाद से बस उन्हीं के चर्चे हो रहे हैं। सोशल मीडिया पर ऐश्वर्या राय छाई हुई हैं। इस खास मौके पर उनके साथ उनकी बेटी आराध्या बचपन भी उनको सपोर्ट करने पहुंची हैं। कांस 2024 से उनका पहला लुक भी सामने आ गया है। इस लुक में एक्ट्रेस बला की खूबसूरत लग रही हैं। ऐश्वर्या राय ने ब्लैक, व्हाइट और गोल्ड के काम्बिनेशन में हैवी ट्रेल गाउन कैरी किया है। इस गाउन पर गोल्ड फॉइल वर्क का काम है और व्हाइट स्टेटमेंट स्लीव्स हैं। साथ ही एक लंबी ट्रेल भी है, जिस पर गोल्डन फ्लावर पैच हैं। इस पूरे लुक को एक्ट्रेस ने बड़े गोल्ड हूप्स, मैसी हेयर्स और मिनिमल मेकअप के साथ कंप्लीट किया है। ऐश्वर्या राय का ये लुक इस वक्त खूब चर्चा में हैं और सोशल मीडिया पर छाया हुआ है।

# जुगल हंसराज का खतरनाक लुक आउट

मुंबई। यशराज बैनर तले बनी कल्ट फिल्म मोहब्बतें फैंस की फेवरेट मानी जाती है। इस मूवी में शाह रुख खान, अमिताभ बच्चन और ऐश्वर्या सहित कई नए कलाकारों ने काम किया था। उनमें से एक जुगल हंसराज भी रहे, जो छोटी सी उम्र से हिंदी सिनेमा में एक्टिव हैं।मोहब्बतें में चॉकलेटी ब्वॉय की इमेज को लेकर जुगल का नाम काफी पॉपुलर हुआ था। हालांकि इसके बाद वह एक्टिंग की दुनिया से कुछ समय के लिए दूरी बना ली थी। लेकिन अब वह कमबैक के लिए पूरी तरह से तैयार हैं और उनकी अपकमिंग थ्रिलर वेब सीरीज से फर्स्ट लुक भी सामने आ गया है, जिसकी वजह से उसे पहचान पाना मुश्किल हो रहा है। जुगल हंसराज का नाम अपने दौर के सबसे चार्मिंग अभिनेताओं में से एक रहे हैं। हालांकि उम्र के बढ़ते बढ़ाव से उनका लुक अब बदल गया। लेकिन उससे कहीं गुना उनका रूप अपकमिंग थ्रिलर वेब सीरीज में बदला हुआ दिख रहा है। ओटीटी प्लेटफॉर्म लायन्सगेट इंडिया की एक तरफ से जुगल का फर्स्ट लुक पोस्टर साझा किया गया है।



# रातों की नींद उड़ा देंगी ये हॉरर वेब सीरीज

## आईएमडीबी पर 7 से ऊपर है इनकी रेटिंग

**मुंबई।** अगर आपको डर एक्सपीरियंस करना पसंद है। सिहर जाना पसंद है। रातों की नींद उड़ाना पसंद है तो ये आर्टिकल आपके लिए ही है। इस आर्टिकल में हम आपको सात ऐसी वेब सीरीज के बारे में बताने जा रहे हैं जो हिंदी में ओटीटी पर मौजूद हैं और जिनकी आईएमडीबी रेटिंग सात से ऊपर है। इनकी स्टोरीलाइन शानदार है और कॉन्सेप्ट बेहद खतरनाक है। इन सात हॉरर वेब सीरीज के नाम बताने से पहले हम आपको वॉर्निंग देना चाहते हैं। अगर आपको बहुत ज्यादा डर लगता है, लेकिन डरावनी वेब सीरीज देखना पसंद है तो आप अकेले ये वेब सीरीज न देखें। वीकेंड पर अपने दोस्तों या फिर परिवार के किसी सदस्य के साथ इन वेब सीरीज के एपिसोड्स को बिंज वॉच करें।



### अनकही अनसुनि

आईएमडीबी रेटिंगः 7.3/10
कलाकारः वीभा आनंद, आत्म प्रकाश मिश्रा, अरविंद जांगिड़, अभि शर्मा
कहां देखेंः डिज्नी+हॉटस्टार



**शैतान हवेली** : आईएमडीबी रेटिंगः 7.2/10
कलाकारः वरुण ठाकुर, भूपेश सिंह, जाहिद अली
कहां देखेंः अमेजन प्राइम वीडियो

### घोल

आईएमडीबी रेटिंगः 7.0/10
कलाकारः राधिका आप्टे, मानव कौल, रोहित पाठक




### डार्क


आईएमडीबी रेटिंगः 8.7/10
कलाकारः लुई हॉफमैन, कैरोलिन आइचोर्न, लिसा विकारी

### द हॉन्टिंग ऑफ हिल हाउस

आईएमडीबी रेटिंगः 8.5/10
कलाकारः माइकल हुइसमैन,कार्ला गुगिनो, हेनरी थॉमस

### रात अकेली है

आईएमडीबी रेटिंगः 7.2/10
कलाकारः आशीष छीपा, नवाजुद्दीन सिद्दीकी, राधिका आप्टे




### 13 बी

आईएमडीबी रेटिंगः 7.3/10
कलाकारः माधवन, नीतू चंद्रा, पूनम ढिल्लों
कहां देखेंः डिज्नी प्लस हॉटस्टार






# फिल्म प्रमोशन में नेपोटिज्म पर किया मजाक : जाह्नवी

मुंबई। बॉलीवुड एक्टर राजकुमार राव और एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर इन दिनों अपनी फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही के प्रमोशन में व्यस्त हैं। फिल्म प्रमोशन के लिए हुए एक इंटरव्यू के दौरान राजकुमार राव ने जाह्नवी कपूर पर नेपोटिज्म को लेकर मजेदार अंदाज में तंज कसा। दरअसल, पहले जाह्नवी कपूर ने नेपोटिज्म को लेकर मजाक किया, उसके बाद एक्टर राजकुमार राव ने उनपर तंज कसा। एक इंटरव्यू के दौरान जाह्नवी कपूर ने नेपोटिज्म को लेकर बात शुरू की। उन्होंने अपने बचपन के दिनों को याद करते हुए बताया कि स्कूल में उन्हें कोरस का हिस्सा बनाया गया था, लेकिन वो अच्छा गा नहीं पाती थीं तो उनके सामने का माइक बंद कर दिया गया था। उन्होंने कहा कि एक महिला ने कहा था कि जाह्नवी के सामने वाला माइक ऑफ कर दो। जाह्नवी के साथ हुए इस किस्से को सुनकर राजकुमार राव ने कहा, "रखा क्यों बेचारी को फिर? मना कर देते। इसके बाद जाह्नवी ने मजाकिया अंदाज में कहा, नेपोटिज्म अफकोर्स, इसलिए तो रखा था मुझे कोरस में। जैसे ही जाह्नवी ने नेपोटिज्म के बारे में बोला, राजकुमार राव ने कहा कि फिर तो ठीक है। फिर तो काश जिंदगी में हम भी बहुत सारे माइक ऑफ कर पाते। जाह्नवी राजकुमार राव की बात सुनकर चौंक गईं और तुरंत उनसे पूछा कि क्या ये उनके लिए टॉन्ट था।

## खबर संक्षेप



### अज्ञात वाहन की टक्कर से टूटा रंगमंच

**कटेली।** शासकीय अनुदान से नगर के प्रतापगंज वार्ड 3 में दशकों पहले बनाया गया रंगमंच दो दिन पूर्व अज्ञात भारी वाहन की ठोकर से क्षतिग्रस्त हो गया। बताया जाता है कि उक्त मंच मरम्मत के अभाव में जीर्ण अवस्था में था। वहीं आसपास के व्यवसायिक संस्थानों को भी रंगमंच के टूटने की घटना का पता नहीं चला। इस विषय में पालिका के अधिकारी भी कुछ कहने से परहेज कर रहे हैं। रंगमंच को तोड़ने वाले वाहन की जानकारी नहीं मिल सकी है। घटनाकारित स्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरे भी शोपीस होने के कारण संभवतः घटना कैमरे में कैद नहीं हो सकी है।

### सीएम से महेश ने की अंडरब्रिज निर्माण की मांग

**खरसिया।** छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के पूर्व कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष और विधान सभा खरसिया के पूर्व विधायक प्रत्याशी व भाजपा जिलामंत्री महेश साहू ने खरसिया की महती समस्या से मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को पूर्व की भांति अभी भी पुनः अवगत कराया। वहीं छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री ने महेश साहू की इस मांग को सहर्ष स्वीकार करते हुए यथाशीघ्र खरसिया में रेलवे अंडरब्रिज बनाने को लेकर आश्वासन भी दिया है। विधानसभा चुनाव से सुर्खियों में आए महेश साहू ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन के माध्यम से खरसिया में अंडरब्रिज बनाने की मांग भी रखीए ताकि दो भागों में बंटे खरसिया शहर व ग्रामीण क्षेत्र वासियों को आवागमन में सुविधा मिल सके और रेलवे क्रॉसिंग की भीषण धूप से राहत मिल सके।



### एसडीएम ने किया सीएचसी का निरीक्षण

**घरघोड़ा।** अनुविभागीय अधिकारी रमेश कुमार मोर द्वारा शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घरघोड़ा का औचक निरीक्षण किया गया। खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ एसआर पैंकरा स्वास्थ्य केंद्र में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं की व योजनाओं की जानकारी को अवगत कराया। द्वारा विशेष रूप से टीकाकरण शाखा में पदस्थ वैक्सीन हैंडलर से गर्भवती माताओं एवं शिशुओं दी जा रही टीकाकरण के संबंध में जानकारी ली गई ।

## पेज 1 का शेष

### नाम स्मरण से ...

भगवान ने नरसिंह रूप में अवतार लेकर हिरण्यकश्यप का वध कर अपने परमधाम को पंहुचाया। कथा-व्यास ने कहा कि हिरना कश्यप सबको आदेश दे रहा है कि भक्त प्रह्लाद को खत्म करो, भस्म करो। इस दौरान जब आग का भयानक जलवा हुआ, तब भक्त प्रहलाद ने इतना ही कहता रहा-"ॐ नमो भगवते वासुदेवाय नमः" और बच गए। भगवान ने नरसिह अवतार में हिरना कश्यप को मार कर भक्त प्रह्लाद को बचाया। भगवान की भक्ति में ही शक्ति है। उन्होंने कहा कि सभी अपने बच्चों को बचपन से ही संस्कार अवश्य दें, जिससे वह बुढ़ापे में भगवान का नाम अवश्य ले सकें, गो सेवा, साधु की सेवा कर सकें। कथा के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। अंत में आरती कर प्रसाद वितरण किया गया।

### एमए हिंदी, तृतीय...

प्रशंसनीय है, इन छात्राओं पर मुझे गर्व है। दूसरे विद्यार्थियों को भी इनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने भी आशातीत सफलता प्राप्त की है। कुमारी सादिया 70 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान पर और कुमारी अलीसा मिंज 67 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान पर रहीं। सुश्री कीर्ति किरण केरकेट्टा (विभागाध्यक्ष हिंदी ) ने इस सफलता का श्रेय विद्यार्थियों की मेहनत के साथ वरुण श्रीवास सहायक प्राध्यापक हिंदी तथा श्रीमती विनीता केरकेट्टा,अतिथि सहायक प्राध्यापक हिंदी, के समर्पण एवं उनके कुशल मार्गदर्शन को दिया। कुमारी समीरा एक्का तथा कुमारी नीता पैंकरा ने बताया कि प्राचार्य महोदय की प्रेरणा, विभागाध्यक्ष एवं प्राध्यापकों के प्रोत्साहन, मार्गदर्शन, सहयोग एवं स्वयं की मेहनत से यह संभव हो पाया है। प्राचार्य के हाथों सम्मानित होकर उनका उत्साह और अधिक बढ़ गया है आगामी परीक्षा में वे और बेहतर परिणाम लेकर आएंगे, ऐसी उम्मीद है।

### इस साल रायगढ़ को 58 हजार मानक बोरी खरीदी का टारगेट

# जंगल का घटा दायरा, तीन साल से नहीं बढ़ा तेंदूपत्ता संग्रहण का लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले में धीरे-धीरे जमीनें कम हो रही हैं। जंगल से पेड़ काटे जा रहे हैं। अब तेंदूपत्ता का टारगेट भी पूरा नहीं होता है। बीते तीन साल से तेंदूपत्ता का टारगेट शासन ने नहीं बढ़ाया है। कीमत बढ़ने के साथ तेंदूपत्ता तोड़ने वालों की होड़ मची है।

इस साल रायगढ़ को 58 हजार मानक बोरा खरीदी का टारगेट मिला है। तेंदूपत्ता की खरीदी 53 समितियों के माध्यम से की जाएगी। 53 समितियां करीब 416 गांवों को कवर करती हैं। फड़ में खरीदी के बाद डंप किया जाता है। अभी तेंदूपत्ता तोड़ने का काम चल रहा है। तोड़ने के बाद 50 पत्ते का बंडल बनाकर सूखाया जाता है। इसके बाद फिर 100-100 पत्ते का बंडल बनाया जाता है। 100 बंडल का पांच सौ रुपए मिलता है। एक दिन में अमूमन एक आदमी पांच से सात हजार के आसपास तेंदूपत्ता तोड़ सकता है।



#### जंगली एरिया में आसानी से होता है उपलब्ध

जंगली एरिया में तेंदूपत्ता का पेड़ आसानी से मिलता है, पठारी क्षेत्र में टिकरा जैसी जमीन पर तेंदूपत्ता का पेड़ नजर आ जाता है। इसलिए जंगली इलाकों में तेंदूपत्ता तोड़ने वालों को ज्यादा मुनाफा होता है। हर घर से तीन चार लोग रोजाना तेंदूपत्ता तोड़ने जाते हैं। तेंदूपत्ता तोड़ने के बाद बिक्री करने तक काफी मेहनत करनी पड़ती है।

#### बारिश से तेंदूपत्ता तोड़ने वालों की परेशानी

तेंदूपत्ता तोड़ने के बाद 50-50 पत्ते का एक.एक बंडल बनाया जाता है। उसे 100-100 बंडल के हिसाब से सूखाया जाता है, इस बीच बारिश होने पर तेंदूपत्ता तोड़ने वालों की मेहनत बेकार चली जाती है, फिर से एक एक पत्ते को निकाल कर सूखाना पड़ता है। पूरी तरह सूखा नहीं होने की स्थिति में पत्ता सड़ने या दीमक लगने का डर रहता है। तेज धूप में पत्ता जल्दी सूखता हैण हालांकि दिन में कम से कम तीन बार पलटना पड़ता है।

हालांकि तेंदूपत्ता का पेड़ अभी काफी कम हो चुका है। ऐसे में भारी दिक्कत हो रही है। जंगल के पेड़ में पत्ता देरी से आता है, लेकिन टिकरा में लगे पेड़ का पत्ता जल्दी आ जाता है। ऐसे में पहले टिकरा में पेड़ से पत्ता तोड़ा जाता है।

# नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे को लेकर बैठक का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.बीके चंद्रवंशी के अध्यक्षता में स्वास्थ्य कार्यालय के आरोग्यम सभाकक्ष में जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री रंजना पैंकरा की उपस्थिति में नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे राष्ट्रीय स्वास्थ्य परिवार सर्वेक्षण को लेकर जिले में डाटा संबंधी एक दिवसीय बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें अंतर्राष्ट्रीय जनसंख्या विज्ञान संस्थान मुंबई के जूनियर रिसर्च अधिकारी आरके सिंह, नवीन गरेहवाल एवं डॉ. नीता उपस्थित रही। यह कार्यक्रम जिले के समस्त विकासखंड डाटा से संबंधित जिले के 48 गांव में कार्य किया जा रहा है। जिसमें चिन्हांकित 22 परिवारों का परिवार संबंधित ब्लड शूगर, बीपी, उँचाई नापना, वजन लेना, उच्च रक्तचाप, शिशुवती, गर्भवती महिलाओ का टीकाकरण कार्ड, एड्स, टीबी, जनित रोगों के बारें में महिलाओ.पुरूषों से जानकारी एकत्रित की जा रही है। ताकि भारत सरकार को योजना बनाने में महत्वपूर्ण डाटा द्वारा तैयार किया जा सकें। इस कार्यक्रम में चॉइस कंसलटेंसी सर्विस प्रायवेट लिमिटेड कंपनी रायपुर एजेंसी के रूप में संपूर्ण छत्तीसगढ़ में कार्यक्रम को किया जा रहा है जिसमें फील्ड मेनेजर के रूप में अनिल कुमार टंडन, जिला समन्वयक के रूप में संत कुमार यादव, आईटी कोआरडीनेटर रितेश डेरे के संयुक्त तत्वाधान में कार्यक्रम सफल हुआ।

# डेंगू दिवस पर मच्छर जनित बीमारी की रोकथाम के प्रति किया जागरूक




**सारंगढ़।** डेंगू दिवस के अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेश साहू के निर्देश तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अवधेश पाणिग्राही के मार्गदर्शन में जिले भर के स्वास्थ्य कर्मियों के द्वारा समुदाय की सहभागिता से डेंगू नियंत्रण करें थीम के साथ विभिन्न प्रकार के गतिविधियों का आयोजन किया गया। ग्रामीण क्षेत्र में कार्यरत स्वास्थ्य अमले के कर्मचारियों एवं मितानिनों के द्वारा दीवारों में डेंगू के संबंध में नारा लेखन, सामुदायिक स्तर पर आईईसी वितरण, पानी के ठहराव वाले जगह को पाटना एवं लार्वा मुक्त करने सहित समूह बैठक कर लोगों को डेंगू की प्रति जागरूक करने का कार्य किया गया। वहीं जिला स्तर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सारंगढ़ के सभा कक्ष में समस्त खंड चिकित्सा अधिकारियों, खंड कार्यक्रम प्रबंधकों, विकासखंड डाटा प्रबंधकों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी अधिकारियों एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में कार्यरत जेएसए के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में डॉ अवधेश पाणिग्राही द्वारा डेंगू बीमारी के कारण इसके कारक मच्छर, परजीवी, फैलने के तरीके कन्फर्मेशन हेतु आधिकारिक जांच, रोकथाम एवं उपचार पर विस्तृत जानकारी दी गई। डॉ अवधेश पाणिग्राही ने बताया कि कुछ दिनों बाद मानसून के आगमन के साथ ही जगह जगह पानी के ठहराव होने से विभिन्न प्रजाति के मच्छर पनपने लगते हैं जिसमें एडीज प्रजाति के मच्छर का भी जनन होता है, जिसके काटने से डेंगू होने की संभावना होता है। ऐसे में सभी लोग अपने आसपास पानी जमा होने ना दे एवं पानी का ठहराव को रोक पाना संभव न हो तो समय समय पर उसमें पुराने तेल या अन्य कीटनाशक डालकर लार्वा रोधी करते रहे। मच्छर के सीजन विशेष कर बरसात के दिनों में पूरे आस्तीन के कपड़े पहनें एवं घरों में मच्छररोधी अगरबत्तियों के साथ सोने के समय मच्छरदानी का प्रयोग करें। इसके पश्चात भी यदि किसी व्यक्ति को डेंगू होने की संदेह हो तो सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में जांच कराएं तथा उपचार कराएं।

# स्वास्थ्य विभाग के कार्यालय में मनाया गया राष्ट्रीय डेंगू दिवस



**रायगढ़।** राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत आज समुदाय के सहभागिता से डेंगू नियंत्रण करे थीम पर कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी रायगढ़ के सभा कक्ष में सीएमएचओ डॉ.चंद्रवंशी की उपस्थिति राष्ट्रीय डेंगू दिवस मनाया गया। इस अवसर पर समस्त शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में डेंगू पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित की गई एवं डेंगू के रोकथाम, लक्षण तथा उपचार पर लोगों को जागरूक किया गया। वार्ड स्तर पर मितानिनों, महिला आरोग्य समिति के सदस्यों तथा समुदाय के लोगों के द्वारा रैली निकाली गई। समस्त मितानिन ट्रेनर एवं शहरी स्वास्थ्य स्टाफ की बैठक भी आयोजित की गई। जिसमें समुदाय स्तर पर डेंगू के रोकथाम एवं डेंगू के उपचार में मितानिनों की भूमिका एवं समुदाय स्तर पर किए जाने वाले विभिन्न गतिविधियों द्वारा निर्देश दिए गए साथ ही जनसामान्य से अपील कि गई की रायगढ़ जिला को डेंगू मुक्त बनाने में सहयोग प्रदान करें।

# एनटीपीसी लारा में आरंभ हुआ स्वच्छता पखवाड़ा



**रायगढ़।** एनटीपीसी लारा में 16 से 31 मई तक स्वच्छता पखवाड़ा मनाया ज आ रहा है। इसके तहत 17 मई को पास के गांव छपोरा, प्राइमरी स्कूल में सफाई अभियान चलाया गया। इसमें ग्रामीणों के साथ बड़ी संख्या में कर्मचारी शामिल हुए। पखवाड़े की शुरुआत 16 मई को परियोजना प्रमुखए अखिलेश सिंह द्वारा कर्मचारियों को स्वच्छता शपथ दिलाने के साथ शुरू किया गया है। भारत सरकार से प्राप्त दिशा निर्देशों के अनुसार पूरे देश में 16 से 31 मई तक स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इस दौरान कर्मचारियोंए सहयोगियों एवं आमजन द्वारा श्रमदान के माध्यम से विभिन्न सफाई गतिविधियां चलाया जाएगा। साथ साथ आम लोगों को जागरूक करने के लिएए आसपास की सफाई और स्वच्छता के साथ-साथ उनकी दैनिक गतिविधि में स्वच्छ संस्कृति विकसित करने के लिए जागरूकता अभियान चलाए

# बरसात के पूर्व मनरेगा के कार्यों को समेटने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पुसौर



पुसौर जनपद क्षेत्र के 88 पंचायतों में महात्मागांधी मनरेगा योजना अंतर्गत काम चल रहा है। इसमें तालाब गहरी करण, भूमि समतलीकरण, भवन निर्माण, रोड निर्माण सहित अन्य कई कार्य है। चूंकि कुछ ही दिनों में बरसात प्रारंभ होने वाला है ऐसे स्थिति में जहां श्रमिकों को काम करने में असुविधा होता है वहीं संपन्न हुये कार्य का नाप जोख एवं मुल्यांकन आदि भी नहीं हो पाता है। ऐसे स्थिति में कई तरह परेशानियों का सामना करना पडता है। इससे बचने पुसौर जनपद के मनरेगा विभाग के कार्यक्रम अधिकारी आशीष कुमार भारती ने अपने सभी रोजगार सहायक एवं तकनीकी सहायकों के साथ बैठक किया और सभी से बारी बारी से मुखातिब होकर समुचे कार्यों के प्रगति के संबध में चर्चा की। बैठक हाल में जिनके कार्य अनुकुल रहे उन्हें सराहा भी और जो पीछे रहे उनका कडे शब्दों में निंदा करते हुए तड़ी भी दी। जानकारी के मुताविक पुसौर क्षेत्र में 40 तालाबों के गहरीकरण चल रहे हैं। भूमि सुधार के 325 कार्य चल रहे हैं वहीं 425 से ज्यादा रोजगार मूलक कार्य चल रहे हैं। इस प्रकार क्षेत्र के कुल 8287 श्रमिकों को मानव कार्य दिवस अंतर्गत काम मिला है। उल्लेखनीय है कि मनरेगा योजना के निर्माण कार्यो में मुलतः मजदूरों को काम दिलाने की व्यवस्था समाहित है इसमें ठेके में काम करने के वनिश्पद मानव कार्य दिवस को ध्यान में रखते हुए किया जाता है और इसमें पुसौर जनपद की मनरेगा 8287 श्रमिको को काम दिला कर सरकारी लक्ष्य से आगे निकल चुकी है।

# बाहरी व्यक्ति को मुख्यमंत्री बनाया जाना ओडिशा की अस्मिता से खिलवाड़ : ओपी

**रायगढ़।** निकटवर्ती राज्य ओडिसा में छत्तीसगढ़ भाजपा के स्टार प्रचारक एवम वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने भाजपा के पक्ष में धुंआ धार प्रचार कर शमा बांध दिया वही ओपी के अनोखे प्रचार ने भाजपा कार्यकर्ताओं को जोश से भर दिया वही ढाई दशक से सत्ता धारी बीजू जनता दल के होश उड़ा दिए। ओडिसा की चुनावी सभा में ओपी ने पांड्यान को बाहरी व्यक्ति बताते हुई मुख्यमंत्री बनाए जाने की संभावना को ओडिसा की अस्मिता से खिलवाड़ बताकर बीजू जनता दल के लिए परेशानी खड़ी कर दी। ओपी ने कहा पांड्यान बिना चुनाव लडे एसी कमरों में बैठकर रिमोट से सरकार चला रहे है। ओपी ने कहा चुनाव प्रचार के दौरान पांड्यान गो बैक के नारे लग रहे। ओडिसा वासियों के हक की कमाई छीन कर बाटने वाले पैसों के दम पर वोट खरीदना चाहते है। ओपी ने कहा ऐसे पैसों को लेकर वोट पदुम कमल छाप में वोट देवे। 13 मई से 17 मई तक पांच दिवसीय प्रचार अभियान में विधायक रायगढ़ एवं छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने बरगढ़, झारसुगुड़ा, सुंदरगढ़, संबलपुर लोकसभा प्रत्याशियों के पक्ष में ओडिसा वासियों से सहयोग मांगा वही भटली, बीजेपुर, झारसुगुड़ा, सुंदरगढ़, बरगढ़, संबलपुर, तलसारा विधान सभा प्रत्याशियों के पक्ष में जन सभाएं रैली नुक्कड़ सभा बुद्धिजीवी सम्मेलनों में शामिल हुए और पदुम फूल सरकार के अनगिनत फायदे गिनाए। ओपी के धुंआ धार प्रचार और सत्ता धारी दल बीजेडी पर गंभीर आरोपों ने नवीन पटनायक सरकार के माथे पर चिंता की लकीरें ला दी है। तीसरे चरण का चुनाव सम्पन्न होते ही छत्तीसगढ़ की सभी ग्यारह सीटों का चुनाव संपन्न हो गया और इसके बाद ओपी चौधरी ने ओडिसा में चौथे चरण में होने लोकसभा एवम विधान सभा चुनाव के लिए धुंआ धार प्रचार की कमान संभाल ली है। आम सभा रैली नुक्कड़ सभा बुद्धिजीवी सम्मलेनो में लगातार भाजपा प्रवेश से छग की सीमा से लगे उड़ीसा राज्य की लोकसभा एवम विधान सभा सीटो में भाजपा के पक्ष में जबरजस्त माहौल नजर आ रहा है। ओपी ने सधी हुई रणनीति के तहत प्रचार अभियान की कमान संभाल कर ओडिसा की जनता को मोदी सरकार द्वारा गरीबों के लिए शुरू की गई आवास योजना स्वास्थ्य योजना आवास योजना के अनगिनत फायदे बताए। ओपी ने मोदी सरकार के दस साल का रिपोर्ट कार्ड बताया।



सम्भाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा
मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान



डॉ. एल.सी.मढ़रिया डायरेक्टर MBBS,MS नेत्र रोग विशेषज्ञ
डॉ. एश्वर्य मढ़रिया को-डायरेक्टर MBBS,MS नेत्र रोग विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा ● OCT द्वारा रेटिना व कॉचबिन्द का जांच व ईलाज
डॉ. एल.सी. मढ़रिया
आई.जी.ऑफिस रोड, अपेक्स बैंक के पीछे, नेहरू चौक, बिलासपुर (छ.ग.)
फोन : 07752-402070, 228277, मो. : 9826190123, 9669979123

MARK HOSPITAL
SERVING - CARING - HEALING SINCE 2013
Tertiary Care - Super Speciality Hospital
NABH Accredited Hospital
RENAL TRANSPLANT / UROLOGY / NEPHROLOGY / NEUROLOGY / KNEE REPLACEMENT
क्रिटिकल केयर सुविधाएँ :
✓ सभी प्रकार के गंभीर बीमारियों का उपचार
✓ सर्पदंश, बिच्छू का काटना, जहरखुरानी
✓ ब्रेन हेमरेज, लकवा, पैरालिसिस का उपचार
✓ गंभीर मलेरिया, मस्तिष्क ज्वर का ईलाज
✓ निमोनिया का उपचार
✓ कीमोथेरेपी की सुविधा
✓ ट्रामा एवं क्रिटिकल केयर यूनिट
24/7 EMERGENCY SERVICES



पता : चांटीडीह रोड, सरकण्डा बिलासपुर
Mob. - 9109969722, 9691700486
# MGR




| Raigarh To | Zest | Crysta | Today Offer |
| --- | --- | --- | --- |
| Jharsuguda Airport | 1499 | 2999 | 999 |
| Raipur Airport | 2999 | 4999 | 1499 |
| Bilaspur | 1999 | 2999 | 999 |

RAHUL TRAVELS
One Way Taxi Pvt Ltd
Scan And Book
9926411411
RAIPUR : Near Raipur Airport , Mana Camp

online Booking:-www.tripuryatra.com




स्पेशल ट्रेन से 08 जून से 14 जून 2024
जय माता दी... चलो बुलावा आया है, माता ने बुलाया है.... सबसे कम राशि पर
माता वैष्णव देवी
हरिद्वार,मथुरा वृंदावन (श्री कृष्ण जन्मभूमि)
राशि:- स्लीपर 8500/- 3 एसी 16,500/-2 एसी 21,500/ (+5% GST)
छत्तीसगढ़ के श्रवण कुमार Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36 Sector - 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट
समस्त किडनी रोग गुर्दा, नेफ्रोलाजी किडनी में सुजन दर्द पेशाब कम होना या रूकावट जलन, सिरम क्रियेटिनिन, यूरिक एसिड, यूरिया का बढ़ना पैरो या आंखो में सूजन अगर डायलिसिस में चल रहे हो या किडनी बदलने कि नौबत आ गई हो तो इस चिकित्सा से जीवन बच सकता है, यह चिकित्सा किडनी के नेफ्रान्स सेल को पुनः एक्टीवेट (रिजनरेट) अर्थात् फिर से जीवन प्रदान करता है यूरेथ्रास्ट्रेक्चर (मूत्र नली का सिकुड़न) पेशाब न उतरना, बूंद बूंद टपकना या बन्द होना, आपरेशन कि आवश्यकता नहीं होती एवं पेशाब में जलन, पीला लालिमा रहना या खून या मवाद आना । प्रोस्टेट विकार बार बार पेशाब होना, बूंद-बूंद या रूकना, इसके कारण सेक्स में आई कमजोरी। समय : 11 से 3 बजे तक
जीवन ज्योति क्लीनिक डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसीन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.)
स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)